**प्रेस नोट**
**दिनांक 05.09.2025**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा बारावफ़ात जुलूस को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु निरन्तर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक किया गया निरीक्षण सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश–**

गोण्डा। आज दिनांक 05.09.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा बारावफ़ात जुलूस के दृष्टिगत शांति एवं कानून–व्यवस्था की स्थिति को पूर्णतया नियंत्रित एवं सुरक्षित बनाए रखने हेतु निरंतर भ्रमणशील रहे। इस दौरान उन्होंने नगर क्षेत्र, प्रमुख मार्गों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं जुलूस मार्गों का गहन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान महोदय ने क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षकगण एवं अन्य पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान करते हुए जुलूस मार्गों पर अत्यधिक सतर्कता एवं निगरानी सुनिश्चित करने तथा ड्रोन कैमरों, सीसीटीवी एवं अन्य तकनीकी साधनों से रीयल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने हेतु बताया गया। महोदय ने मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें जनसेवा, सतर्कता एवं सौहार्द की भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

इस दौरान महोदय ने स्थानीय संभ्रांत नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से भेंट कर शांति एवं आपसी भाईचारे के वातावरण को बनाए रखने हेतु सहयोग की अपील की तथा जनमानस को विश्वास दिलाया कि गोण्डा पुलिस हर स्तर पर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम (112) पर दें।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**